PMCOE शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार “नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा” का आयोजन दिनांक 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 23 अप्रैल 2026 को “कार्यस्थल पर लैंगिक समानता” विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती श्वेता चौबे सदस्य, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड, नर्मदापुरम रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिलाओं के अधिकार, समान अवसर एवं कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

व्याख्यान के दौरान कार्यस्थल पर लैंगिक भेदभाव के विभिन्न स्वरूपों, समान वेतन के अधिकार, तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहकर किस प्रकार एक समानतापूर्ण एवं सम्मानजनक कार्यसंस्कृति के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा की मुख्य संयोजक डॉ. कल्पना विश्वास हैं, जबकि उक्त व्याख्यान कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अपूर्वा वर्मा विधि विभाग विभागाध्यक्ष रहीं।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम कुमार चौकसे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने भी विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. संजय चौधरी, डॉ. अमिता जोशी एवं डॉ. के. जी. मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का मंच संचालन कु. अनुपमा कुजूर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण, जिनमें श्रीमती हनीफा शेख, श्री अभिषेक असवारे, डॉ. कुमुदनी गर्गाव, डॉ. नाहिद जहां सिद्दीकी एवं श्री ओमेश कुमार सेन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर लैंगिक समानता, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।

# नर्मदा महाविद्यालय में हुआ व्याख्यान

जागरण, नर्मदापुरम। शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अप्रैल को कार्यस्थल पर लैंगिक समानता विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्वेता चौबे सदस्य, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड रहीं। श्वेता चौबे ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकार, समान अवसर एवं कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। व्याख्यान के दौरान कार्यस्थल पर लैंगिक भेदभाव के विभिन्न स्वरूपों, समान वेतन के अधिकार, तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर विशेष चर्चा की गई।

दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 24-04-2026

# नर्मदापुरम में कार्यस्थल पर लैंगिक समानता पर व्याख्यान

नर्मदापुरम स्थित पीएमसीओई शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में 10 से 25 अप्रैल 2026 तक "नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा" आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अप्रैल को "कार्यस्थल पर लैंगिक समानता" विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की सदस्य श्वेता चौबे रहीं। उन्होंने महिलाओं के अधिकार, समान अवसर और कार्यस्थल पर सुरक्षित व सम्मानजनक वातावरण की जरूरत पर बात की। व्याख्यान में लैंगिक भेदभाव के स्वरूप, समान वेतन के अधिकार और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक डॉ. कल्पना विश्वास और व्याख्यान की संयोजक डॉ. अपूर्वा वर्मा रहीं। आयोजन प्राचार्य डॉ. राम कुमार चौकसे के मार्गदर्शन में हुआ।

ताप्ती समन्वय

24/04/26

# प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' का आयोजन



**नर्मदापुरम्,ताप्ती समन्वय।** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत कार्यक्रम स्थल पर लैंगिक समानता' विषय एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती श्वेता चौबे सदस्य, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड, नर्मदापुरम रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिलाओं के अधिकार, समान अवसर एवं कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

व्याख्यान के दौरान कार्यस्थल पर लैंगिक भेदभाव के विभिन्न स्वरूपों, समान वेतन के अधिकार, तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहकर किस प्रकार एक समानतापूर्ण एवं सम्मानजनक कार्यसंस्कृति के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा की मुख्य संयोजक डॉ. कल्पना विश्वास हैं, जबकि उक्त व्याख्यान कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अपूर्वा वर्मा विधि विभाग विभागाध्यक्ष रहीं।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम कुमार चौकसे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने भी विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. संजय चौधरी, डॉ. अमिता जोशी एवं डॉ. के. जी. मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का मंच संचालन कु. अनुपमा कुजूर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण श्रीमती हनीफा शेख, अभिषेक असवारे, डॉ. कुमुदनी गर्गाव, डॉ. नाहिद जहां सिद्दीकी एवं ओमेश कुमार सेन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर लैंगिक समानता, अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।


ARI SHAKTI VANDAN


प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
नारी शक्ति वंदन
पखवाड़ा
10 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक
"नारी सम्मान, राष्ट्र का अभिमान"
NARI SHAKTI VANDAN
GLOBUS